प्रपत्र- 26

# भूगर्भीय निरीक्षण आख्या

भूगर्भीय निरीक्षण आख्या/आर0सी0यू0/ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन/कुमायूँ/2017

जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र चम्पावत में नगर क्षेत्र टनकपुर एवं बनबसा में संयुक्त रुप से नगरीय ठोस अपशिष्ट (प्रबन्धन एवं हथालन) नियमावली 2000 के अन्तर्गत छीनी कक्ष संख्या 13 (ब) बनबसा में कूड़ा निस्तारण (ट्रेचिंग ग्राउण्ड) के निर्माण हेतु 0.80 हेक्टेयर भू–भाग की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या

दिसम्बर– 2017

KSRanjan
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
बनबसा (चम्पावत)

(50)

**जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र चम्पावत में नगर क्षेत्र टनकपुर एवं बनबसा में संयुक्त रुप से नगरीय ठोस अपशिष्ट (प्रबन्धन एवं हथालन) नियमावली 2000 के अन्तर्गत छीनी कक्ष संख्या 13 (ब) बनबसा में कूड़ा निस्तारण (ट्रेचिंग ग्राउण्ड) के निर्माण हेतु 0.80 हेक्टेयर भू–भाग की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या–**

1. **प्रस्तावना–** नगर पालिका परिषद टनकपुर एवं नगर पंचायत, बनबसा द्वारा संयुक्त रुप से नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना के अन्तर्गत कूड़ा निस्तारण हेतु ट्रेचिंग ग्राउण्ड का निर्माण करना प्रस्तावित है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, टनकपुर के द्वारा किये गये अनुरोध पर स्थल निरीक्षण दिनॉक 19.12.2017 को श्री जे0एस0 राठी, अधिशासी अधिकारी, श्री वसीम जावेद अली, अवर अभियन्ता, श्री कैलाश सिंह पटवाल, लिपिक एवं श्री विनोद चन्द्र बिष्ट, लिपिक की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया। **स्थल का निरीक्षण–** स्थल की संरचना, बनावट, भूकम्पीय, भूगर्भीय एवं पर्यावरण पारिस्थितिकी के अध्ययन हेतु किया गया, ताकि प्रस्तावित 0.80 हैक्टेयर भूमि पर ट्रेचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु आवश्यक सुझाव दिये जा सकें।
2. **स्थिति–** ट्रेचिंग ग्राउण्ड स्थल छीनी कक्ष संख्या 13(ब) के भू–भाग में 0.80 हैक्टेयर भूमि पर स्थित है। स्थिति के लिये फोटोग्राफ संलग्न है।
3. **भूगर्भीय स्थिति–** प्रस्तावित ट्रेचिंग ग्राउण्ड स्थल सेन्ट्रल हिमालय सैक्टर के शिवालिक हिमालय के भावर जोन के कुमाऊँ क्षेत्र में स्थित है। स्थल पर शारदा नदी द्वारा लाया गया डेब्रिस क्ले के साथ इण्टर बेडेड है। स्थल पर तथा स्थल के आस–पास इनसीटू चट्टाने कही भी दृष्टिगोचर नहीं होती हैं।
4. **स्थल वर्णन–** प्रस्तावित ट्रेचिंग ग्राउण्ड स्थल छीनी कक्ष संख्या 13(ब) में स्थित है जो 0.80 हैक्टेयर है। स्थल पर सीमांकन नहीं किया गया है। स्थल निरीक्षण के समय 4 पीलरों की जानकारी दी गई, जो पीलर 1–2 के मध्य 80 मीटर की लम्बाई, 2–3 के मध्य 100 मीटर की लम्बाई पर हैं। प्रस्तावित स्थल पर भू–भाग का ढलान सामान्य श्रेणी के ढलान पर उत्तर पूर्व दिशा की ओर है। यह स्थल आरक्षित वन क्षेत्र के अन्तर्गत है। प्रस्तावित स्थल के पूर्व में कैनाल फॉरेस्ट की बाउन्ड्री, उत्तर दिशा में फॉरेस्ट चौकी, पश्चिम तथा दक्षिण दिशा की ओर ग्राम पम्पापुर स्थित है। प्रस्तावित ट्रेचिंग ग्राउण्ड स्थल पर पानी/मार्शी नहीं है।
5. **स्थाईत्व का विचार–** प्रस्तावित ट्रेचिंग ग्राउण्ड स्थल के भू–भाग की संरचना, बनावट, भूकम्पीय, भूगर्भीय एवं पर्यावरण पारिस्थितिकी के अध्ययन के उपरान्त ट्रेचिंग ग्राउण्ड के स्थाईत्व हेतु निम्न बिन्दुओं पर विचार करना आवश्यक है।
   (1) यह स्थल भावर जोन में स्थित है।
   (2) स्थल पर पेड़ आदि नहीं हैं, केवल लैन्टाना की झाड़ियॉ है।
   (3) स्थल से पानी का निकास होता है।
   (4) स्थल का ढलान उत्तर पूर्व दिशा की ओर है।
   (5) भूकम्प की दृष्टि से प्रस्तावित स्थल जोन IV के अन्तर्गत है।

(क्रमशः पेज 2 पर)।

KSRanjan
अधिशासी अधिकारी
नगर ...
बनबसा ...

(6) स्थल का सीमांकन कराया गया है, परन्तु स्थल पर चिन्हित नहीं है।
(7) स्थल हेतु कच्चा मार्ग है।
(8) स्थल के आस–पास वाटर लेबल 30 से 40 फीट की गहराई पर है।
(9) स्थल से शारदा नदी लगभग 04 किमी0 की दूरी पर है।

6. **सुझाव–** प्रस्तावित ट्रेचिंग ग्राउण्ड स्थल के भू–भाग की संरचना, बनावट, भूकम्पीय, भूगर्भीय एवं पर्यावरण की पारिस्थितिकी के अध्ययन के उपरान्त ट्रेचिंग ग्राउण्ड निर्माण के पश्चावत निम्नलिखित सुझाव दिये जाते हैं।
(1) प्रस्तावित ट्रेचिंग ग्राउण्ड का स्थल पर चिन्हीकरण किया जाय।
(2) चिन्हीकरण के उपरान्त चारों ओर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया जाय।
(3) मशीनों हेतु प्लेटफार्म का निर्माण राफ्ट फाउण्डेशन पर किया जाय।
(4) निर्माण कार्य भूकम्पीय मानकों के अनुरूप किये जाय।
(5) वर्षा जल की निकासी हेतु पक्की ड्रेनेज का निर्माण किया जाय।
(6) ट्रेचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु सिविल अभियांत्रिकी के मानकों एवं विशिष्टियों का अनुपालन किया जाय।

7. **निष्कर्ष–** उपरोक्त वर्णित बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुये टनकपुर नगर क्षेत्र एवं नगर क्षेत्र, बनबसा में संयुक्त रुप से नगरीय ठोस अपशिष्ट के निस्तारण हेतु छीनी कक्ष संख्या 13(ब) में 0.80 हैक्टेयर भू–भाग में ट्रेचिंग ग्राउण्ड का निर्माण करना उपयुक्त प्रतीत होता है।

**<u>टिप्पणी–</u> स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित अधिकारियों के समक्ष विस्तृत विचार विमर्श किया गया।**

(डा0 आर0 सी0 उपाध्याय)
(डॉ० आर० सी० उपाध्याय)
भू वैज्ञानिक
हिमाद्रि-भ्यू, रानीधारा टाप
अल्मोडा 263 601 (उत्तराखण्ड)

email- Upadhyayrc@gmail.com

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
बनबसा (चम्पावत)